तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025



10 लो-वोल्टेज से सिंचाई प्रभावित फसल चौपट, किसान परेशान





12 पशु औषाधालय का नहीं खुला गेट, अंदर उग गए घास-फूस











## खबर संक्षेप

### लोहरसी में श्री शिव महापुराण कथा जारी

**कोपरा।** ग्राम लोहरसी में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुरू किया गया। गांव के सुख- समृद्धि और विकास कार्यों की प्रगति के लिए श्री



मुक्तेश्वर महादेव धाम पर महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया गया है। 26 फरवरी से 6 मार्च तक चलने वाले शिव महापुराण कथा में आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम सरगी नदी किनारे गठन के पास मुक्तेश्वर महादेव नाथ के स्थान पर हो रहा है। जहां प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से संध्या 5:00 दीदी मां प्रज्ञा भारती जी द्वारा शिव महापुराण की गंगा बहा रही है कथा के चौथे दिन व्यास पीठ पर दीदी मां प्रज्ञा भारती ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान कथा पांडाल में उपस्थित भक्तजन झूम उठे। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग में दीदी ने बताया कि जब शिव और पार्वती का विवाह होने वाला था तो एक बड़ी सुंदर घटना हुई। कहा कि शिव की शादी बहुत ही भव्य एवं विचित्र थी। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और कथा श्रवण कर रहे थे।

### जमीन विवाद को लेकर भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को होरीलाल निवासी कांपा ने बताया कि 28 फरवरी वह सुबह काम के लिए बिरकोनी पाइप फैक्ट्री गया था, रात करीबन 8.30 बजे उसके भाई बलदाऊ साहू ने फोन नतनिन का जन्मदिन मानने के लिए बुलाया। प्रार्थी जब रात 9.30 बजे बलदाऊ साहू के घर पहुंचा तो वहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बलदाऊ जमीन विवाद की पुरानी बात को लेकर गाली गलौच करने लगा, जब उसे मना किया तो बलदाऊ साहू और दोनों बेटे गौरव व सौरभ साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां आए प्रार्थी के लड़के पोषण साहू के साथ भी तीनों आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम अछोली स्थित महामाया मंदिर के पास 28 फरवरी की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव का महावीर निषाद और अछोला का अरूण धीवर मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रं0 सीजी 05 सी 8276 से ग्राम समोदा गए थे, समोदा से वापस आते समय ग्राम अछोला महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने दोपहर करीबन 1.30 बजे सामने से आ रही अज्ञात सफेद बोलेरो पिकअप के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को सामने को ठोकर मारकर एक्टसीडेंट कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हादसा : धोबी समाज के अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे

# 20 फीट नदी में गिरी बोलोरो 1 की मौके पर मौत, 3 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग में रविवार को नगर से 4 किलोमीटर दूर फुलझर घांटी मोट के पास तेज रफ्तार बोलोरो सीधे 20 फीट खाई नदी में जा गिरा जिससे बोलोरो में सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई तो 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें 3 की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिनका उपचार जिला अस्पताल गरियाबंद और रायपुर में किया जा रहा है।

- 8 घायलों में 3 की हालत गंभीर

मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में कल रात्रि में धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम था, इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बस्तर नारायणपुर क्षेत्र से बोलोरो क्रमांक सी.जी 17 केएल 6299 में सवार होकर 09 लोग मैनपुर के तरफ आ रहे थे, तेज रफ्तार बोलोरो चालक रात 11 बजे फुलझर मोड मे वाहन को मोड नहीं पाया और अनियंत्रित होकर बोलोरो वाहन 20 फीट गहरे नदी खाई में गिर गया, जिससे मौके पर ही वृंदा बाई पति तुलसी उम्र 65 वर्ष नारायणपुर निवासी की मौत हो गई। वहीं घायलों को बाइक के माध्यम से मैनपुर अस्पताल लाया गया, घायल कुमारी गायत्री 18 वर्ष, कौशिल्या 55 ⏭ शेष पेज 10 पर



#### युवक गिरा गंभीर रूप से घायल

मैनपुर क्षेत्र में आज तीसरी घटना में मोटर सायकल सवार एक युवक तुलसीराम 48 वर्ष भी एक अन्य वाहन को साईड देते समय गिरा जिससे उसके सर पर गंभीर चोट लगी है, उसे भी जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है।





#### तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

मैनपुर क्षेत्र में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, आज रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक और बड़ी दुर्घटना हो गई। जब 36 वर्षीय दौलत राम ठाकुर अपने निजी कार्य से मैनपुर से शोभा जा रहे थे, इसी दौरान मैनपुर पेट्रोल पंप के मोड़ के सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनका पैर बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गया, जिसे रायपुर रेफ़र किया गया है, घटना की जानकारी मिलते ही मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, पुलिस ने पिकअप वाहन के चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने हत्या की कोशिश करने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन ने थाना छुरा के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी थनवार निषाद निवासी रानीपरतेवा, थाना छुरा को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 307 के तहत सात साल का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रार्थी भोजराम साहू ने घटना दिनांक 10 नवंबर 2021 को थाना छुरा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह ग्राम करकरा में रहता है। खेती किसानी का काम करता है। उसके नाम से ग्राम करकरा के बाहरानार खार में स्थित कृषि भूमि में धान कटाई के लिए रानीपरतेवा से मजदूर लाकर दिनांक 08.11.2021 से धान कटाई करवा रहा था। घटना दिनांक 10.11.2021 को सुबह लगभग 09 बजे मजदूर लोग धान फसल काट रहे थे, तभी ग्राम रानीपरतेवा का थनवार निषाद पीछे से आया और रेखाबाई यादव को आज तुझे जान से मार दूंगा' कहते हुए तलवार जैसे लोहे के धारदार पट्टी से जान सहित मारने की नीयत से प्राणघातक वार किया, जिससे रेखाबाई यादव के बांए कान व चेहरे में चोट आई। आरोपी थनवार निषाद द्वारा दोबारा वार करने पर रेखाबाई यादव अपने हाथ को सामने रखकर बीच बचाव की, जिससे उसके दाहिने हाथ के उंगली, हथेली व कलाई के पास चोटे आई थी। घटना को देखकर वह स्वयं व काम कर रहे मजदूर बीच बचाव करने दौड़े तो थनवार निषाद घटना में प्रयुक्त तलवार जैसे लोहे के धारदार पट्टी को खेत में छोड़कर भाग गया। आहता रेखाबाई यादव को आई चोट के उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र छुरा लेकर लाया गया, जहां डाक्टर द्वारा उचित इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया था। बताया गया कि घटना के पूर्व आरोपी ने आहता रेखा बाई यादव के पति जगमोहन के साथ मारपीट किया था, जिसके संबंध में आहता के पति के द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना छुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाया ⏭ शेष पेज 10 पर

## महिला सरपंच ने प्रभार से पहले गांव में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सबसे बड़े ग्राम पंचायत कौन्दकेरा में इन दिनों नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव प्रभार लेने से पहले सुर्खियों में है। सरपंच बनने के बाद पूरे गांव में जेसीबी लगाकर सफाई अभियान चलाया जिसकी गांव में सराहना हो रही है। बता दें कि ग्राम पंचायत कौन्दकेरा की महिला सरपंच राधिका मनोज यादव ने अभी प्रभार नहीं लिया है उसके बावजूद ग्राम की विकास के लिए उन्होंने शुरुआत कर दी है। विकास की दिशा मे जहां शिशु मंदिर स्कूल, गौठान के पास, बाजार चौक ⏭ शेष पेज 10 पर



### युवक से मारपीट कर जबड़ा तोड़ा

**महासमुंद।** जोरातराई में एक शादी में मायन नाचने के लिए गए एक युवक से मारपीट की घटना हुई है। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मोहन निर्मलकर के यहां शादी में मायन नाचने के लिये कोमल यादव एवं उसके दोस्त योगेश धृतलहरे, संदीप सोनवानी गए थे। इसी दौरान वहां पर देवेंद्र निर्मलकर निवासी जोरातराई शराब के सेवन कर नशे में आकर कोमल के साथ गाली गलौच करने लगा।

## फिंगेश्वर जनपद पंचायत के अधीन 71 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

विकासखंड फिंगेश्वर जनपद पंचायत मे 23 फरवरी को हुए मतदान एवं मतगणना अनुसार जनपद के 71 ग्राम पंचायतों की सूचि जनपद विभाग के द्वारा जारी की गई है। जिसमे क्रमांक के आगे पंचायत का नाम एवं बाद मे निर्वाचित सरपंच के नाम का उल्लेख है। 1. हथखोज-बलराम भगत निषाद 2.पसौद-पुरूषोत्तम तिवारी 3.लचकेरा-अरूण कुमार ध्रुव 4.सिर्रीकला-कोमन राम ध्रुव 5.सोनासिल्ली तामेश्वर पटेल 6 कोसमखुटा आसमा फकीर 7. पोखरा सिया राम साहू 8. रक्शा प्रकाश कुमार चंदनिहा 9.परसदाजोशी गिनी सोनी (राजा) 10.पेण्ड्रा द्रोपती मिथलेश साहू 11.पाली-त्रिवेणी गजेन्द्र साहू 12.जामगांव रेणुका हिरू डाहरे 13.भेण्ड्री (जाम.)सविता चुम्मन सिन्हा 14.रजकट्टी युधिष्ठिर साहू



15.खैरझिटी योगेश्वरी शुक्ल 16.गुण्डरदेही जीतू ज्योति बघेल 17.बोरिद-हुमन सिन्हा 18. सरकड़ा-अमिता मनोज यदु 19.रोबा हितेश्वरी प्रदीप साहू 20.भसेरा दीपक कुमार ध्रुव 21 बासीन गंगाबाई रामविशाल ओगरे 22 बरभांठा निमर्ल पवन यदु 23 अरण्ड चुम्मन साहू 24 रावड़ माधुरी हलधर साहू 25 बकली बिन्दा हिराधर साहू 26.पितईबंद गोदावरी सहदेव बंजारे 27.कुम्ही विरेन्द्र साहू 28.धमनी रामकली रामानंद ध्रुव 29 बोरसी सति अनुसूइया शिव साहू 30 बहेरापाल राजेश कुमार साहू 31 बिनौरी छबि ध्रुव 32.परसदाकला गणेश साहू 33.पतोरा सुरज कुमार भारती 34.गनियारी सरोज भीखम 35.सेन्दर गामनी राकेश धृतलहरे 36.चैतरा गणेशिया रविराम साहू 37.बारूला सुकदेव राम साहू 38.बिजली पदमा मोतीराम निषाद 39.कौन्दकेरा राधिका मनोज यादव 40 भैंसातरा अंजली ध्रुव 41.किरवई देवकुमारी हेमंत कुमार साहू 42 कोमा बलराम साहू 43. सेम्हरतरा हरीश साहू 44. सिंधौरी डिगेश्वर साहू 45 चौबेंबांधा दुलीचंद आंडे 46.बेलटुकरी पुरानिक साहू 47 लफंदी जानकी धुरव 48 बरोण्डा धनसाय निषाद 49.श्यामनगर सुलोचना वामन निर्मलकर 50.रोहिना रुपेश कुमार साहू 51 तरीघाट गुंजन भोला वमा 52.सहसपुर लता बाई नरशू धुरव 53.बेलर सुमन लेखराम रात्रे 54 सिर्रीखुर्द देवेन्द्र वर्मा 55.खुटेरी शंकर साहू(बेनीशंकर) 56.टेका गंगा प्रसाद भारद्वाज(बलजीत) 57.देवरी ⏭ शेष पेज 10 पर

## फाइलेरिया की गोली खाने से हाथी पांव बीमारी से बचा जा सकता है : रामूराम

**फिंगेश्वर।** स्वास्थ विभाग फिंगेश्वर के द्वारा फाइलेरिया की बीमारी को नियंत्रित करने तथा जड़ से खत्म करने घरों से लेकर स्कूलों में सघन अभियान चलाकर फाईलेरिया के दवा का वितरण किया जा रहा है।वहीं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के स्टाप एवं बच्चों को गोली वितरीत की गई।

इसी परिपेक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में भी फाइलेरिया की दवा का वितरण मितानिन उमा यदु एवं सीमा यादव द्वारा विद्यालय में शिविर लगाकर किया गया। श्री बालाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू प्राचार्य दीपक शुक्ला, प्रधानाचार्य सुरेश यादव दीदी कीर्ति सेन, निरंजन शुक्ला सहित विद्यालय के भैया बहनों आचार्यों, दीदीयों सहित सभी को फाइलेरिया की दवा खिलाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामू राम साहू ने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी मनुष्य जीवन के लिए एक ज्वलंत समस्या है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ विभाग के द्वारा फाइलेरिया की दवा मुफ्त में पूरी छत्तीसगढ़ में वितरण किया जा रहा है जो की प्रशंसनिय है इसके लिए सभी को जागरुक कर फाइलेरिया की दवा सेवन करना चाहिए। फाईलेरिया के टेबलेट खाने से हाथी पांव नामक गंभीर बिमारी से बचा जा सकता है। हाथी पांव एक लाईलाज बिमारी है। इसलिए स्कूल के बच्चों सहित प्रत्येक नागरिको को फाईलेरिया की दवा का सेवन करना चाहिए।



### नवनिर्वाचित महिला पालिका अध्यक्ष की अभिनव पहल

## शपथ ग्रहण से पहले नपाध्यक्ष वार्ड की समस्याओं से हुईं रुबरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा नगर पालिका में महिला अध्यक्ष के रूप में ओमकुमारी-संजय साहू भारी मतों से चुनकर आई है। शपथ ग्रहण 5 मार्च को होगा। परंतु इसके पहले ही शहर के लोगों का उन्होने दिल जीत लिया है। पिछले 5-6 दिनों से वे निचली बस्तियो में जाकर वहां की समस्याओं के संदर्भ में रूबरू हो रही है। आश्वस्त कर रही है कि अब किसी भी प्रकार से इन मुहल्लों में कोई समस्या नहीं रहेगी। ये मुहल्ला गरीबो की बस्ती है। छह दिनों में वे वार्ड नं 18,15 और 19 का दौरा कर चुकी है। समस्याओं को वे खुद खड़े रहकर अपनी नजरों से देखना चाहती है ताकि त्वरित निदान किया जा सके। बहरहाल लोगों की समस्या को जानने एवं विभिन्न वार्डों में लोगों से रूबरू होकर वार्ड की आवश्यकता को पता करने के उद्देश्य से पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने दौरा शुरू की है। शहर के इतिहास में यह पहला नगर पालिका अध्यक्ष है जो शपथ के पहले ही वार्डों में पहुंचकर वहां की समस्या और आवश्यकता को जानने की कोशिश में लगी है। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 15 एवं 18 के स्लम बस्ती देवारपारा में निवासरत ⏭ शेष पेज 10 पर



#### समस्या जानने स्लम बस्तियों से शुरूआत की



#### समस्याओं का करूंगी निराकरण

शहर के हर वार्ड में मै निरंतर भ्रमण करते रहूंगी। वार्ड के लोगों से समस्याओं को पुछुंगी और निराकरण करने की दिशा में ठोस कदम उठाऊंगी। वार्ड की आवश्यकताओं को भी समझुंगी। यह शहर स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा नजर आएगा यह मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं।

**ओमकुमारी- संजय साहू,** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नवापारा

### सैकड़ों एकड़ में लहलहा रही है मक्के की फसल

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में किसान ग्रीष्मकालीन फसल में धान के साथ मक्का की भी फसल ले रहे है, मैनपुर क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ टीकरा भूमि ,खेतो में मक्का की फसल लहलहा रही है जो काफी खुबसुरत नजारा है।




## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## लो-वोल्टेज से सिंचाई प्रभावित फसल चौपट, किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला क्षेत्र के किसान इन दिनों लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके कारण किसानों की फसलें सूखने के कगार पर हैं। पंप सही ढंग से काम नहीं कर रहे, जिससे गर्मी के मौसम में फसल की स्थिति और बिगड़ने की चिंता बढ़ गई है। किसान लगातार इस समस्या से परेशान हैं, क्योंकि उनका कहना है कि पानी की कमी के कारण फसलों को सही से सिंचाई नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा, घरों में लगे सिंगल फेस पंप भी लो-वोल्टेज के कारण सही से काम नहीं कर पा रहे, जिससे लोगों को पीने के पानी की भारी कमी हो रही है।

**बोर्ड परीक्षार्थी भी परेशान-** दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन बिजली कटौती और लो-वोल्टेज के कारण छात्रों को भी पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली ना आने से उनका परीक्षा की तैयारी करना मुश्किल हो रहा है। अब देखना यह है कि विभाग और प्रशासन इस समस्या का समाधान कैसे करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ यह संकट और गहरा सकता है, या फिर विभाग इसे सुधारने में

# 9 माह से बंद पड़े दोना पत्तल केन्द्र को शुरु कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में वन विभाग द्वारा दोना पत्तल केन्द्र जो संचालित किया जा रहा था वह पिछले 9 माह से बंद पडा हुआ है, जिसे तत्काल प्रारंभ करवाने की मांग क्षेत्र के लोगों ने किया है, क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मैनपुर में पिछले 08 वर्षों से संचालित दोना पत्तल केन्द्र स्थानीय क्षेत्र के महिलाओं एवं लड़कियों को रोजगार देने में तथा आर्थिक रूप से संबल बनाने में काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है लेकिन जून 2024 से यह दोना पत्तल केन्द्र बंद पड़ा हुआ है, और इसमें ताला लगा हुआ है जबकि दोना पत्तल केन्द्र में लाखों रुपए के मशीन और अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, ज्ञात हो कि मैनपुर स्थित दोना पत्तल केन्द्र कोरोना संकट काल में काफी लाभदायक साबित हुआ है जब लोग घर से नहीं निकल पा रहे थे, ऐसे समय में इस दोना पत्तल केन्द्र से महिलाओं ने लगभग 20 हजार मास्क का निर्माण कर अतिरिक्त आय अर्जित किया था और मैनपुर दोना पत्तल केन्द्र में निर्माण किये जाने वाले दोना पत्तल का मांग छत्तीसगढ प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों में भी जबरदस्त देखने को मिलता है यहा बनाये जाने वाले दोनो पत्तल की क्वालीटी और सुन्दरता को देखते हुए यह बाजार में आसानी से बिक जाता है, साथ ही, इस दोना पत्तल केन्द्र में प्रतिदिन दो दर्जन से ज्यादा महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त हो रहा था लेकिन दोना पत्तल केन्द्र बंद हो जाने से अब क्षेत्र के महिलाएं जो यहा काम कर रही थी वे परेशान है और छत्तीसगढ के वनमंत्री केदार कश्यप एवं मुख्य वन संरक्षक तथा गरियाबंद के डीएफओं से मांग किया है कि दोना पत्तल केन्द्र को प्रारंभ किया जाए।

### ग्रामीणों को रोजगार दिलाने में था बेहतर साबित



### जल्द प्रारंभ किया जायेगा

वन विभाग मैनपुर के एसडीओं राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया कि मैनपुर दोना पत्तल केन्द्र में पत्ता की कमी के चलते केन्द्र को बंद किया गया है, अब जल्द प्रारंभ किया जायेगा, उन्होने बताया कि इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द दोना पत्तल केन्द्र प्रारंभ करने प्रयास किया जायेगा।

## इंद्रजीत ने दिग्गजों को चारों खाने किया चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

राजनीति में बदलाव की बयार बह रही है और इस बार इसे हवा दी है युवा नेतृत्व ने गरियाबंद जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुछ ऐसा हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत महाडिक ने अपने अनुभव से कहीं अधिक बड़े और दिग्गज नेताओं को करारी शिकस्त देते हुए शानदार जीत दर्ज की। यह जीत सिर्फ एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि उस सोच की भी है जो जाति-धर्म और पार्टी की सीमाओं को तोड़कर विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देती है। नामांकन के साथ ही इंद्रजीत महाडिक की लोकप्रियता ने हवा का रुख बदल दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान जहां बड़े नेता अपने पुराने समीकरणों और जातिगत गणित पर भरोसा कर रहे थे, वहीं इंद्रजीत सीधे जनता से जुड़ते रहे। गांव-गांव घूमकर, लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर उन्होंने अपना भरोसा मजबूत किया। उनका यह अंदाज मतदाताओं को भा गया और नतीजा यह हुआ कि बैलगाड़ी चुनाव चिन्ह वाले इस युवा प्रत्याशी ने दिग्गजों की गाड़ी ही उलट दी। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर साहू, जो पूर्व में इसी पद पर काबिज थे, को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस समर्थित प्रकाश साहू और जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर योगेश साहू को भी जनता ने पूरी तरह नकार दिया।



### इंद्रजीत बोले- यह जीत जनता की

जीत के बाद इंद्रजीत ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की है। मैं राजनीति में सेवा भाव लेकर आया हूं और आने वाले समय में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### चुनाव परिणाम : हारने वाले प्रत्याशियों की स्थिति

1 इंद्रजीत महाडिक (निर्दलीय) – विजेता
2 चंद्रशेखर साहू (भाजपा समर्थित) – दूसरा स्थान
3 प्रकाश साहू (कांग्रेस समर्थित) – तीसरा स्थान
4 योगेश साहू (जनपद उपाध्यक्ष, फिंगेश्वर) – चौथा स्थान
5 अन्य प्रत्याशी – पीछे रह गए

## पेज 9 के शेष...

### 20 फीट नदी...

वर्ष, कीर्तन नाग 52 वर्ष, महेश राम 45 वर्ष, शिव नाग 42 वर्ष, रोहित कुमार नाग 53 वर्ष, इंद्रा नाग 48 वर्ष, नीतिन नाग 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे मैनपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के रात में ही जिला अस्पताल गरियाबंद और रायपुर फिर किया गया। सुबह से घटना स्थल में भारी भींड लगी रही, भाजपा नेता मनोज निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, नोहर निर्मलकर, चन्द्रशेखर निर्मलकर, मनीष निर्मलकर ने बताया कि रात 11 बजे के आसपास यह घटना घटी लेकिन बार- बार फोन करने के बावजूद 108 संजीवनी एक्सप्रेस व अन्य एम्बुलेंस घटना स्थल पर नहीं पहुंची, जिसके कारण समाज के लोग घायलों को मोटर सायकल से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक बड़ी मुश्किल से लाएं तब कहीं जाकर प्रारंभिक उपचार मिल पाया।

### हत्या के प्रयास...

गया था, जिसका प्रकरण न्यायालय में लंबित है। उक्त कारण से घटना के पूर्व से आहता के पति और आरोपी के मध्य रंजिश थी। प्रकरण में संपूर्ण साक्ष्य विवेचना उपरांत न्यायालय ने अभियुक्त थनवार निषाद को धारा 307 के अंतर्गत आरोप में दोषी पाकर दोषसिद्ध किया गया। जिसमें आरोपी थनवार निषाद को 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं अर्थदंड की अदायगी में व्यतिक्रम किए जाने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जाएगा।

### महिला सरपंच ने...

के पास गलियों के कचरे की ढेरों को साफ सफाई करवाया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।

नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत कौन्दकेरा की विकास मेरी पहली प्राथमिकता हैं गांव की विकास कार्यों में रफ्तार पकड़ना। उन्होंने कहा कि ग्राम की बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामीणों का समस्याओं पर सामंजस्य बनाकर निराकरण करेंगे और विकास को लेकर भी जानकारी मांगेंगे ताकि गांव की विकास तेजी से आ सके। साफ - सफाई अभियान को लेकर उपस्थित ग्रामीणों में मनोज यादव सरपंच प्रतिनिधि, हेमू साहू, मोहन दिवान, सुभाष शर्मा, भोला साहू, नीरज निषाद, मन्नू साहू, यादराम साहू आदि उपस्थित रहे।

### फिंगेश्वर जनपद...

सरिता सुरेन्द्र साहू 58 परतेवा षटकोण साहू 59 सुरसाबांधा घनश्याम साहू 60.कुरूसकेरा कमल क्रांति राव 61 तर्रा ममता तुकेश साहू 62.जेंजरा बोधन राम यदु 63.भेण्ड्री (लो.)तुलेश्वरी साहू 64.लोहर्सी लोमश राम साहू 65.धुरसा होमेश्वरी थनेश्वर साहू 66.रवेली (लो.हर्सी) दशोदा लोमश ध्रुव 67.छुईहा विद्या गजेश्वर सिन्हा 68 कुण्डेल गज्जु सिन्हा69 चरौदा गजानंद साहू 70 चरभट्ठी राजेन्द्र कुमार साहू एवं 71.बोड़की से नेतराम सिन्हा सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुए।निर्वाचन कार्य को लेकर रिर्टनिंग अधिकारी श्री अजय चंद्रवंशी एवं जनपद सीईओ स्वपनिल ध्रुव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का योगदान रहा।

### शपथ ग्रहण से पहले...

लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुनी। लोगो ने बस्ती के वस्तुस्थिति से अवगत कराया एवं अपनी परेशानियों के बारे में बताया। वहीं नवापारा के वार्ड क्रमांक 19 में भी पालिका अध्यक्ष ने वार्ड का दौरा कर लोगो से बातचीत की। अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के साथ मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं भाजपा के पार्षद साथ रहे। चूंकि पालिका अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 5 मार्च को प्रस्तावित है। बता दें कि शपथ के पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष का नवापारा के विभिन्न वार्डो में दौरा कार्यक्रम की लोगो ने प्रशंसा की है। गौरतलब है कि नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम 15 फरवरी को घोषित हो गया था। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओमकुमारी-संजय साहू ने 3096 मतों से जीत दर्ज की है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण नहीं हो पाया है। अब 5 मार्च को शपथ ग्रहण प्रस्तावित है। पार्षद रहते वार्ड में अनेक विकास काम हुए- मालूम हो कि अध्यक्ष बनने से पहले ओमकुमारी-संजय साहू नवापारा वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद रह चुकी है। पार्षद पद के कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में अनेकों विकास के काम करवाए है। वार्ड में नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण एवं स्वच्छता पर सराहनीय कार्य किया है। वार्डवासियों से मधुर संबंध एवं सहजता के परिणामस्वरूप भारतीय जनता पार्टी ने ओमकुमारी को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया एवं चुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त की।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में टीएचआर वितरण में आ रही समस्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ की बैठक 1 मार्च को रायपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सरिता पाठक ने की। बैठक में संयुक्त मंच की ओर से रीता पाठक, रुक्मिणी सज्जन, हेमा भारती, सुधा रात्रे, कल्पना चंद, पार्वती यादव, सुलेखा शर्मा, पिंकी ठाकुर, देवेंद्र पटेल, विश्वजीत हारोडे, कॉमरेड सौरा यादव एवं अन्य प्रमुख साथियों ने भाग लिया।बैठक के उपरांत सरिता पाठक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में दिनचर्या की व्यवहारिक समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। टीएचआर वितरण के विभागीय वर्तमान व्यवस्था के अनुसार नया वर्जन के अनुसार किया जाना है। हितग्राही का आधार लेना है, मोबाईल से ओटीपी लेना है, ओटीपी लोड करने के बाद ही टीएचआर प्रदान किया जाना है, इसमें कई व्यवहारिक समस्या आ रही है।






बधाई आभार

# ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्री चेतनराम ठाकुर



श्री चेतनराम ठाकुर
(सरपंच- ग्रा.पं. बिरनीबाहरा)

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक आभार!

**पंचगण**

पिलेश्वरी दीवान, अशोक कुमार साहू, ओमीन बाई, झलेश्वरी साहू, शांति मांझी नरेश गोड़, दुलारी बरिहा, कलीराम कमार, डिगेश यादव, दुलारी।

आभार बधाई

# ग्राम पंचायत नवापारा (को.)

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्रीमती धनेश्वरी गणेश राम

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक आभार!

**पंचगण**

बबली नागेश, दिनेश कुमार साहू, सविता यादव, भक्तिन बाई मरकाम, सुखबाई, मालती साहू, चितरू मरकाम, योगिता विश्वकर्मा, दुरपत बाई, धनंजय कुमार मरकाम, जागेश्वरी मरकाम, बासमती सोरी, मनमत नेताम, डायमणी नागवंशी, श्याम बाई, बिहारी नेताम



श्रीमती धनेश्वरी गणेश राम
(सरपंच- ग्रा.पं. नवापारा (को.))

बधाई आभार!

# ग्राम पंचायत खरखरा

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्रीमती लता बाई



श्रीमती लता बाई
(नवनिर्वाचित सरपंच ग्रा.पं.- खरखरा)

एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक आभार!

**पंचगण**

दयालाल ध्रुव, निर्मला बाई साहू, ईश्वर पटेल, हुमेश्वर ध्रुव, खीरमनी गाड़ा, टोमनलाल, रोहित ध्रुव, कमलेश निषाद, नीराबाई ध्रुव, पूनम कंवर, मीनाबाई ध्रुव

आभार बधाई

# ग्राम पंचायत कोसमी

के नवनिर्वाचित सरपंच

## श्री कमलेश ठाकुर

नवनिर्वाचित सरपंच एवं ग्रामीण



एवं नव निर्वाचित पंचों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक आभार!



श्री कमलेश ठाकुर
(नवनिर्वाचित सरपंच ग्रा.पं.- कोसमी)

प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

## खबर संक्षेप



### वन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की वनमंत्री से मुलाकात

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व में बजट सत्र के दौरान विधानसभा कार्यालय में वनमंत्री छत्तीसगढ शासन केदार कश्यप से सौजन्य भेटकर संघ की ज्वलन शील मुद्दा लघु वनोपज संघ के प्रतिनियुक्ति के 180 पदों पर विस्तृत चर्चा कर उक्त समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। जिससे वनमंत्री के द्वारा इस समस्या से अवगत होते हुवे तत्काल पीसीसी एफ से चर्चा कर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वसान दिया है, साथ ही संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा वनपाल के 33 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती करने के लिए नियमों में संशोधन का जो प्रस्ताव विभाग द्वारा शासन को प्रेषित किया गया है। उस संबंध में भी संगठन की नाराजगी जताकर समस्याओं से वन मंत्री महोदय को अवगत कराया गया उनके द्वारा सभी आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया। आज वनमंत्री से चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जी के साथ कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष रामकिशुन साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष लीना कश्यप, प्रांतीय सचिव संतोष सामंतराय, महामंत्री विनोद मिश्रा उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में 3 छात्र घायल

**महासमुंद।** भंवरपुर स्थित एक निजी विद्यालय के तीन छात्र सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। तीनों छात्रों को अस्पताल भेजा गया है जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बसना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भंवरपुर में एक निजी शिक्षण संस्थान में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी ग्राम सलखण्ड निवासी अनुराग साहू, सोम साहू व ग्राम उड़ेला निवासी हर्ष जगत प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीएम 4209 पर सवार होकर भंवरपुर से तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम उमरिया के शासकीय विद्यालय जा रहे थे। उमरिया गाँव की सीमा पर बाजार के पास ठूंठापाली चौक पर स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तीनों को अस्पताल भेजा गया। जिनमें दो बच्चों की हालत गंभीर बताई गई है। जिनका रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

## निधन

### ईश्वर यादव

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम रवेली (छुरा) निवासी ईश्वर यादव



का निधन 27 फरवरी को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अकलवारा में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर पदस्थ थे।

**पर्व : 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के कारण बच्चों में भी नहीं है पर्व के प्रति दिलचस्पी**

# होली में मात्र 10 दिन शेष, अब पहले जैसा माहौल नहीं, उत्साह भी फीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जंगलों और खेतों के मेंड़ में सैकड़ों स्थानों पर पलाश के पेड़ लगे ये फूल बता रहा है कि होली अब बिल्कुल करीब है। होली के लिए अब मात्र 10 दिन का समय शेष रह गया है। पर इस पर्व में लोगों का पहले जैसा उमंग और उत्साह जरा भी नहीं है। होली के प्रति लोगों का आकर्षण लगभग कम होता चला जा रहा है। अभी के दौर में न तो बड़े बुजुर्गों में इस पर्व को लेकर कोई दिलचस्पी देखी जाती है और न ही युवाओं अथवा पढ़ने वाले बच्चों में। मार्च-अप्रेल का महीना परीक्षाओं का माना जाता है। 10वीं की परीक्षाएं आज से और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से चल रही है। इसके अलावा हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी की परीक्षाएं भी अब कुछ ही दिनों में शुरू हो जाएगी। 14 मार्च को रंगों का त्यौहार होली है और 13 को होलिका दहन होगा। वैसे हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में दीपावली के बाद होली को ही माना जाता है। पहले के जमाने में होली के लिए काफी बेसब्री से प्रतीक्षा की जाती थी। लेकिन अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। लोगों की दिलचस्पी इस पर्व के प्रति इसलिए भी नहीं दिखता कि कितनों ही अवांछित लोग फुहड़ता से पेश आते हैं।

राजिम और नवापारा दोनों शहर में इस पर्व को लेकर अब तक किसी भी प्रकार से सुगबुगाहट नहीं देखी जा रही है। रंग - पिचकारियों की दुकान सजने की बात तो छोड़ों नगाड़े की था भी कहीं सुनाई नहीं पड़ रही है। यहां तक कि होलिका दहन के लिए जिस अंडे के पेड़ को गाड़ा जाता है वह भी रोड किनारे में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। होली जलाने के लिए लकड़ियां इकट्ठे करने में भी किसी की दिलचस्पी नहीं रह गई है। शहर तो शहर, ग्रामीण अंचल में भी कहीं भी होली का माहौल नजर नहीं आ रहा है। एक बात पूरी तरह से अब साफ हो गया है कि होली के रंग-गुलाल से बचने के लिए अधिकतर लोग अपने घरों में ही कैद होकर रहना ज्यादा पसंद करते हैं।

### पलाश का फूल कर रहा आकर्षित



पलाश के पेड़ों में लाल फूल खिला हुआ देखा जा रहा है। यह फाल्गुन और होली का संकेत है। इस फूल से रंग बनाया जाता था। अब इसके रंग बनाने वाले कोई नजर नहीं आता। जमाना बदलता चला गया। आज के परिवेश में होली के लिए बाजार में रंग उपलब्ध हो गया है। वैसे राजिम से निकलकर जिस भी सड़कों में जाएंगे तो सड़क से हटकर पलाश के पेड़ों में खिला हुआ फूल बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। हर किसी को महसूस हो रहा है कि होली बहुत ही करीब है। सदियों से चले आ रहे होली के त्यौहार को प्रेम, उमंग, उत्साह व भाईचारे के पर्व के रूप में मनाया जाता है लेकिन बदलते परिवेश में आधुनिकता ने अपना असर इस कदर छोड़ रखा है कि यह त्यौहार केवल गुलाल लगाने की औपचारिकता तक सिमट कर रह गया है। रंगों का पर्व होली के समय ही बच्चों के इम्तिहान की घड़ी रहती है और इस कारण बच्चे चाहकर भी होली के रंग में रंग नहीं पाते।

### होली खेलने राजीव लोचन मंदिर में जुटती है भीड़

बता दें कि राजिम शहर में दोपहर तक होली का माहौल रहता है। दोपहर बाद भगवान श्री राजीव लोचन के मंदिर में हजारों-हजार की भीड़ भगवान से रंग-गुलाल खेलने के लिए जुटती है। भीड़ में राजनेता भी शामिल होते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर में नगाड़े की थाप पर बहुत शानदार उत्साह के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए इस पर्व को मनाए जाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। असली मजा लोगों को मंदिर के विशाल आंगन में ही आता है।

## पशु औषाधालय का नहीं खुला गेट, अंदर उग गए घास-फूस




हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को कैसा मिल रहा है, इसे बताने के लिए यह तश्वीर काफी है, मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम कुल्हाडीघाट में सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर पशु औषाधालय भवन का निर्माण किया गया है और यहां पूरे व्यवस्था भी की गई है, लेकिन यहा कौन पदस्थ है, इसके बारे में यहां के ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं है क्योंकि पिछले एक वर्ष से यह पशु औषाधालय भवन का ताला खुला ही नहीं है, और ता और भवन गेट के सामने बड़े- बड़े घास, फुस व पौधे उग गए हैं जो यह बताने के लिए काफी है, इस पशु औषाधालय के सामने का गेट भी कोई निकालकर ले गया है। एक तरफ सभी विभाग के अधिकारियों को अपने अधिनस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करने का निर्देश लगातार जिला प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है लेकिन पशुधन विकास विभाग के अफसर कभी इस गांव में कभी पहुंचते ही नहीं तभी तो इसके बारे में विभाग को कोई जानकारी नहीं है, राज्य सरकार द्वारा इन दिनों ग्राम पंचायतों में मुनादी करवाकर पशुपालकों को अपील किया जा रहा है कि अपने मवेशियों का निःशुल्क टीकाकरण करवाया जाए खुरा चपका की बिमारी मवेशियों में देखने को मिल रहा है और तो और जीभ व मुह में छाले बिमारी की भी जानकारी मिल रहा है लेकिन जब यहा अस्पताल में ही ताला लगा हो तो फिर इसका लाभ पशु पालकों को कैसा मिलेगा। क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि, यहा पदस्थ कर्मचारी पर तत्काल कार्यवाही किया जाये और पशु औशाधालय को प्रारंभ किया जाए।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने की धनेंद्र से मुलाकात



नवापारा–राजिम। पिपरौद के नवनिर्वाचित सरपंच दुलेश्वरी–भीखम साहू ने पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और 3 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर,उमराव साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद, संजय यादव सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, इंदल साहू, टेमन साहू, केशव साहू, खिलावन साहू, भुनभून साहू, सालिक साहू, दिलीप साहू, वंदना कवर सहित पंच उपस्थित थे।

### सरपंच लता ने विधायक इंद्रकुमार से की मुलाकात



**नवापारा-राजिम।** शहर से लगे तर्री ग्रामपंचायत में नवनिर्वाचित महिला सरपंच लता-लखनलाल सिन्हा का शपथ ग्रहण आज 3 मार्च को होने जा रहा है। शपथ ग्रहण के पूर्व सरपंच श्रीमती सिन्हा ने विधायक इंद्रकुमार साहू को शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने उनके निवास पहुंची तथा बुकें भेंटकर स्वागत की। बताया कि विधानसभा सत्र के चलते वे अभी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचने में असमर्थता जताया परंतु कहा कि तर्री ग्रामपंचायत के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। यहां की हर समस्याओं को त्वरित रूप में निदान करेंगे।

## बैंक उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज सामुदायक भवन, ग्राम पंचायत गोलामाल ब्लॉक मैनपुर में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रतिजागरुक करना था। श्री शर्मा ने उपस्तिथ महिलाओं के उत्साह को देखते हुये कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस सप्ताह 24. से 28. फरवरी वित्तीय साक्षरता सप्ताह बनाया जा रहा है। जिसका विषय है वित्तीय समझदारी समृद्धि नारी साथ ही वित्तीय मामलों की जानकारी के प्रति महिलाओं की यह ललक इस बात का परिचायक है कि अब समाज में व्यापक बदलाव आने वाला है। कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुए समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुडे उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंडकंपनी, ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में एटीएम की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। कार्यशाला में उपस्थित केन्द्र समन्वयक अजय सोनवानी ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित का प्रबंधन, केवायसी प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी। इस कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के ब्लाक समन्वयक मुकेश यादव टिकनेशवर यादव गीता सुर्यवंशी, पचायत सचिव बंसत सिन्हा आदि का सराहनीय योगदान रहा उक्त जानकारी संस्था के समन्वयक अजय सोनवानी ने दी।

## बेलर का विकास और हर वर्ग के साथ चलना मेरी पहली प्राथमिकता : सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम के वरिष्ठ भाजपा नेता खोमन साहू के मार्गदर्शन व नेतृत्व में ग्राम पंचायत बेलर की नवनिर्वाचित सरपंच सुमन लेखराम रात्रे ने रविवार को राजिम विधायक रोहित साहू निवास पहुंचकर भाजपा में शामिल हो गए। सुमन लेखराम रात्रे संग पंच नंदनी यादव, राजू घृतलहरे एवं सतनामी सममाज से एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नूरेश रात्रे, कमल रात्रे भाजपा में शामिल हुए। शामिल हुए सरपंच बेलर सुमन रात्रे का गुलदस्ता भेंटकर भाजपा गमछा पहनाक स्वागत किया और शुभकामनाएं दी और कहा कि भाजपा के रीति-निति का पालन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु साय के विकास की पहिया बनकर साथ चले। बेलर भाजपा संगठन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर भाजपा खोमन साहू के साथ वरिष्ठ भाजपा रामजी साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार साहू, तुलाराम साहू, नारायण साहू, बेनीशंकर साहू, राधेश्याम साहू विष्णु साहू, तुलाराम साहू, राकेश साहू, बिहार टंडन, जयप्रकाश सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, हेमा साहू, पुष्पा धृतलहरे, रामशरण यादव, विष्णु साहू, खुमान साहू, शिव साहू इनके मौजूदगी में उन सभी ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद सरपंच सुमन रात्रे ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री विकास कार्यों से प्रभावित होकर यह फैसला लिया। विधायक राजिम रोहित साहू के नेतृत्व मे क्षेत्र निरनंतर विकास हो है, उनके विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हुं। भाजपा पार्टी के साथ मिलकर बेलर पंचायत के विकास में योगदान देंगे। ग्राम बेलर के सभी वर्ग को साथ में सलाह मशावरा लेकर चलूंगी और बेलर की विकास तथा उनके समस्या का समाधान हो मेरी पहली प्राथमिकता होगी।



**सुमन रात्रे संग पंच नंदनी, नूरेश व कमल भाजपा में हुए शामिल**

## प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाली जिला पंचायत सदस्य बनीं नंदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



जिले में राजिम विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से भारी मतों से जिला पंचायत सदस्य के रूप में चुनकर आने वाली नंदनी- ओंकार साहू को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। बता दें कि नंदनी को 19761 वोट मिला है। जिसमें वे अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित करते हुए 12232 वोटों से जीत हासिल की है। इस तरह से पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाली जिला पंचायत सदस्य के रूप में नंदनी साहू का नाम सामने आया है। मालूम हो कि नंदनी साहू भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरी थी इस क्षेत्र में उनके प्रमुख प्रतिद्वंदी के रूप में गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी भावसिंग साहू के रिश्तेदार खड़ी थी। कुल 3 प्रत्याशी मैदान में थी। सर्वाधिक वोट नंदनी साहू को मिला। नंदनी की जीत पर क्षेत्र क्रमांक 2 के कौंदकेरा सहित सभी गांव कुम्ही से लेकर कोमा, सेम्हरतरा, पीपरछेड़ी, किरवई, धमनी, बेलटुकरी, लफंदी, भैंसातरा, कौंदकेरा, रामनगर, देवरी, सेमराडीह, रोहिणा, बहरापाल, बोरसी, पुरेना, बिनौरी, मड़वाडीह, बिजली, खुड़ियाडीह, खुटेरी, सिर्रीखुर्द , चैतरा, रवेली, बारूला, सेंदर , परसट्ठी, बेलर, पतोरी, घोघरा, पतोरा, गनियारी, परसदाकला और खुड़सा में जश्न का माहोल है। मतलब हर गांव में खुशियां मनाई जा रही है। मालूम हो कि प्रारंभ से ही नंदनी का पक्ष मजबूत नजर आया और परिणाम भी सकारात्मक उनके पक्ष में रहा। उल्लेखनीय है कि नंदनी साहू कौंदकेरा के वरिष्ठ भाजपा नेता ओंकार साहू की धर्मपत्नी है। उन्होने कहा कि हरेक गांव में जितनी भी मूलभूत समस्याएं है उसे वे हरसंभव जितना जल्दी हो सकेगा कराएंगी।

## नव निर्वाचित सरपंच ने निकाली आभार रैली



**रसेला।** पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जीत हासिल करने वाले प्रत्याशियों ने आभार रैली निकाल अपने मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कुड़ेरादादर के नवनिर्वाचित पंच सरपंच ने आभार रैली निकाला और अपने मतदाताओं के साथ सभी ग्रामवासियों को आभार व्यक्त किया। जिसमें सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, पंच मंजू गुप्ता, कृष्णा साहू, मनोहर ध्रुव, मीना बाई ध्रुव, उर्वशी नागेश, कृष्णाबाई नेताम, शंकर नेताम ,गुलाब मरकाम, मालती बाई पंच, सभी ने जीत हासिल करने के बाद पंचायत क्षेत्र में आभार रैली निकाल सभी मतदाताओं और ग्रामीणों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे जहां मतदाताओं और ग्रामीणों ने उनका फूल माला एवं गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए उनका अभिवादन किया। जिसके बाद नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि गांव एवं पंचायत के विकास को लेकर जिस उम्मीद से मतदाताओं ने मुझे जनादेश दिया है उन पर मैं जनता के बीच पुरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं पंचायत के विकास और सभी के सुख दुख में मैं हमेशा साथ रहूंगा वहीं गांव के सभी मुलभुत समस्याओं को दूर करने का पुरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच, पंच के साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं के साथ बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।





